ont>

Title: Need to entrust additional 6,200 villages to the Power Grid Corporation for providing electricity in Bihar- Laid.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य एक पिछड़ा राज्य है। राज्य सरकार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं कि वह केवल अपने दम-खम पर राज्य के लोगों की समस्याओं का समाधान कर पाये। 2002-2003 में बिहार राज्य के 5000 गांवों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया था, किंतु अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार केवल 1,542 गांवों में ही बिजली पहुंचायी जा सकी है। केन्द्र सरकार ने बिहार राज्य की हालत को मद्देनजर रखते हुए वर्ा 2003-2004 में 8,8000 गांवों में बिजली की व्यवस्था करने की एक महत्वपूर्ण कार्य योजना बनायी है। इस योजना के तहत 2,600 गांवों की जिम्मेदारी पावर ग्रिड कारपोरेशन को दी गयी है और शेा बिहार इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के लिए 6,200 गांवों का दायित्व सौंपा गया है। गत् अनुभवों से स्पट है कि बिहार इलेक्ट्रीसिटी बोर्ड 6,200 गांवों में बिजली व्यवस्था करने की जिम्मेदारी नहीं निभा सकता है।

अतः योजना के असफल होने की संभावना अभी से है इसलिए मेरा आग्रह है कि पावर ग्रिड कारपोरेशन का दायित्व और बढ़ाया जाये और इसे 6,200 गांवों तक कर दिया जाये, ताकि योजना की सफलता संभव हो पाए।